

निश्चित तौर पर टीम के सामने बहस का सिर्फ यही मुद्दा है। यह देखना रोचक होगा कि अंत में किसे मौका मिलता है। मुझे यकीन है कि बाकी टीम में कोई बदलाव नहीं होगा।

– एम.एस.के. प्रसाद

पूर्व भारतीय राष्ट्रीय चयनकर्ता, अंतिम एकादश में ऋषभ पंत और दिनेश कार्तिक के चयन को लेकर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — **सूर्यकुमार यादव**



**भारत** के 360 डिग्री बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर रहते हुए अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल कर ली है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से बुधवार को जारी रैंकिंग के अनुसार सूर्यकुमार 869 रेटिंग पॉइंट के साथ नंबर एक टी20 बल्लेबाज बने हुए हैं। सूर्यकुमार टी20 विश्व कप के पांच मैचों में 190 के ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 225 रन बना चुके हैं। टूर्नामेंट में तीन अर्द्धशतक जड़ चुके सूर्यकुमार को जिम्बाब्वे के खिलाफ 25 गेंदों पर नाबाद 61 रन की विस्फोटक पारी खेलने के लिये प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया था।

**क्या आप जानते हैं ?...** मेजबान ब्राजील ने 1950 के विश्वकप फुटबाल के आयोजन के लिए रियो डी जेनेरो में दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम बनाया जिसमें दर्शक क्षमता 2,20,000 थी।

# इतिहास दोहरने से सिर्फ एक कदम दूर पाकिस्तान

## सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को 7 विकेट से मात दी



सिडनी, 9 नवंबर। पाकिस्तान ने फॉर्म में लौटे कप्तान बाबर आज़म (53) और मोहम्मद रिज़वान (57) के अर्द्धशतकों की बदौलत बुधवार को टी20 विश्व कप 2022 के पहले सेमीफाइनल में न्यूज़ीलैंड को सात विकेट से मात दी। न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 20 ओवर में 153 रन का लक्ष्य दिया, जिसे बाबर की टीम ने पांच गेंद रहते हुए हासिल कर लिया।

कप्तान बाबर और रिज़वान ने पूरे टूर्नामेंट के रनों के सूखे को सेमीफाइनल मैच में समाप्त करते हुए टी20 विश्व कप 2022 में पहली बार 50 रन का आंकड़ा छुआ। बाबर ने 42 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 53 रन बनाये, जबकि रिजवान ने 43 गेंदों पर पांच चौकों के साथ 57 रन का योगदान दिया। बाबर-रिजवान ने पहले विकेट के लिये 105 रन की शतकीय साझेदारी करके टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचा दिया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे प्रतिभावान युवा बल्लेबाज मोहम्मद हारिस ने 26 गेंदों पर दो चौके और एक छक्का लगाकर 26 रन बनाये, जबकि शान मसूद (03 नाबाद) ने आखिरी ओवर की पहली गेंद पर विजयी रन बनाकर पाकिस्तान को फाइनल में पहुंचाया।

मेलबर्न में रविवार को खेले जाने वाले फाइनल में पाकिस्तान का सामना भारत या इंग्लैंड में से किसी एक टीम से होगा। पाकिस्तान इससे पहले यूनुस खान की कप्तानी में टी20 विश्व कप 2009 जीत चुका है। भारत और पाकिस्तान टी20 विश्व कप 2007 के फाइनल में भी आमने-सामने थे, जहां महेंद्र सिंह धोनी के धुरंधरों ने मिस्बाह-उल-हक़ की टीम को हराया था। इसके अलावा भारत ने अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत भी पाकिस्तान को हराकर की थी। उल्लेखनीय है कि फाइनल मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा, जहां पाकिस्तान ने इमरान खान की कप्तानी में एकदिवसीय विश्व कप 1992 का फाइनल खेलकर शीर्ष टूर्नामेंट जीता था। न्यूजीलैंड ने आज टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी, लेकिन उसने महज 49 रन पर तीन विकेट गंवा दिये। इसके बाद डेरिल मिचेल (53 नाबाद) और केन विलियम्सन (46) ने 68 रन की साझेदारी करके कीवी टीम को मुसीबत से उबारा।

विलियम्सन ने अपनी 46 रन की पारी में 42 गेंदें खेलकर एक चौका और एक छक्का लगाया। दूसरी ओर, टी20 विश्व कप 2021 के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के नायक रहे मिचेल ने यहां भी 35 गेंदों पर तीन चौकों और एक छक्के के साथ 53 रन बनाये। इसके अलावा डेवन कॉनवे ने 21(20) रन जबकि जेम्स नीशम ने 12 गेंदों पर नाबाज 16 रन का योगदान दिया। पाकिस्तान ने शुरुआती 10 ओवरों में न्यूजीलैंड को सिर्फ 59 रन बनाने दिये, लेकिन मिचेल-विलियम्सन की साझेदारी की मदद से न्यूजीलैंड ने अंतिम 10 ओवरों में 93 रन जोड़कर पाकिस्तान को सिडनी की धीमी पिच पर चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। पाकिस्तान के लिये शाहीन अफरीदी ने चार ओवर में 24 रन देकर दो विकेट लिये, जबकि मोहम्मद नवाज़ को एक विकेट हासिल हुआ।पाकिस्तान ने लक्ष्य का पीछा करते हुए विस्फोटक शुरुआत की और पावरप्ले में 55 रन जोड़ लिये। बाबर को शून्य रन के स्कोर पर जीवनदान भी मिला, जिसका भरपूर फायदा उठाते हुए उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपना 30वां अर्द्धशतक जड़ा, जबकि रिज़वान भी टी20 विश्व कप 2022 में पहली बार पचास के आंकड़े तक पहुंचे।

# पंत, कार्तिक दोनों सेमीफाइनल का हिस्सा होंगे : रोहित शर्मा

एडिलेड, 9 नवंबर। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार को ऋषभ पंत और दिनेश कार्तिक से जुड़ी बहस को विराम देते हुए कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में दोनों विकेटकीपर निश्चित रूप से खेलेंगे।

उल्लेखनीय है कि टीम में फिनिशर की भूमिका निभाने वाले कार्तिक सुपर-12 के शुरुआती चार मैचों में एकादश का हिस्सा रहे थे, लेकिन जिम्बाब्वे के खिलाफ पिछले मैच के लिये पंत को टीम में शामिल किया गया था। रोहित ने यहां संवाददाताओं से कहा, ऋषभ एकमात्र खिलाड़ी है, जिसे इस दौरे पर खेलने का मौका नहीं मिला था, सिवाय उन दो मैचों के जो हमने पर्थ में खेले। वह भी एक अभ्यास मैच था। हम उन्हें विकेट पर समय देना चाहते थे और सेमीफाइनल या फाइनल में बदलावों के लिये एक विकल्प भी रखना चाहते थे।

कार्तिक ने जहां अपनी तीन पारियों में जहां 4.67 की औसत से रन बनाये, वहीं पंत जिम्बाब्वे के खिलाफ सिर्फ तीन रन का योगदान दे सके थे।

उन्होंने कहा, यह हमारी रणनीति भी थी क्योंकि हम यह नहीं जानते थे कि जिम्बाब्वे के मैच के बाद हम किस टीम से सेमीफाइनल में खेलेंगे, इसलिए हम एक बाएं हाथ के बल्लेबाज को न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के स्पिनरों स्पिनरों का मुकाबला करने का मौका देना चाहते थे। कल क्या होने वाला है यह मैं आपको आज नहीं बता सकता, लेकिन दोनों विकेटकीपर खेल का हिस्सा होंगे।

# इस हार को पचाना मुश्किल : विलियम्सन



सिडनी, 9 नवंबर। न्यूजीलैंड के हताश कप्तान केन विलियमसन ने कहा है कि टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में हार को पचाना आसान नहीं है लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि बुधवार को यहां उनकी टीम कहीं बेहतर प्रदर्शन करने वाले पाकिस्तान को चुनौती देने के लिए पर्याप्त अनुशासित नहीं थी।

विलियमसन ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान कहा, ''बेहद निराशाजनक है कि हम पाकिस्तान को कड़ी चुनौती नहीं दे पाए। उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने हमें पछाड़ दिया। हमारे लिए इस हार को पचाना मुश्किल है। बाबर (आजम) और (मोहम्मद) रिजवान ने हमें दबाव में डाल दिया।''

पाकिस्तान ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड के धीमे विकेट पर न्यूजीलैंड को चार विकेट पर 152 रन पर रोकने के बाद कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान के अर्धशतकों से 13 साल बाद टी20 विश्व कप फाइनल में जगह बनाई।

विलियमसन ने कहा, ''उन्होंने हम पर जल्दी दबाव बना दिया। पाकिस्तान ने बहुत अच्छी गेंदबाजी की। हम (डेरिल) मिशेल की अविश्वसनीय पारी के साथ कुछ लय वापस पाने में कामयाब रहे। हम महसूस कर रहे थे कि यह एक प्रतिस्पर्धी स्कोर है। इस विकेट पर खेलना थोड़ा कठिन था।''

सलामी बल्लेबाजों फिन एलेन (04) और डेवोन कॉनवे (21) के विकेट जल्दी गंवाने के बाद न्यूजीलैंड की टीम तेजी से रन नहीं बना सकी। विलियमसन (46) और मिशेल (53) ने चौथे विकेट के लिए 68 रन जोड़कर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। विलियमसन ने ने कहा, ''अगर हम ईमानदार हैं तो हम और अधिक अनुशासित होना चाहते थे। पाकिस्तान निश्चित रूप से विजेता बनने का हकदार था। बहुत अच्छा क्रिकेट खेल गया।'' पाकिस्तान के कप्तान बाबर ने जीत दर्ज करने के लिए अपने गेंदबाजों की सराहना की।

# विराट को अभ्यास के दौरान लगी चोट लेकिन फिट, रोहित ने अपटन के साथ बिताया समय

एडीलेड, 9 नवंबर। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा के अभ्यास के दौरान मंगलवार को चोटिल होने के बाद बुधवार को स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को नेट अभ्यास के दौरान हर्षल पटेल की गेंद ग्रोइन के पास लगी। इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार को होने वाले टी20 विश्व कप सेमीफाइनल से पहले टीम ने हालांकि उस समय राहत की सांस ली जब चोट लगने के कुछ ही मिनटों के बाद कोहली दोबारा मैदान पर अभ्यास करते हुए दिखे।

यह वैकल्पिक अभ्यास सत्र था जिसमें कोहली ने अलग-अलग नेट में 40 मिनट तक बल्लेबाजी की। उन्होंने शुरुआत में रघु से करीब 25 मिनट तक थ्रोडाउन लिया और फिर हर्षल तथा दूसरे नेट गेंदबाजों के खिलाफ अभ्यास किया। हर्षल की तेज गति की गेंद कोहली के कमर के अंदरूनी हिस्से में लगी जिससे वह थोड़े असहज दिखे। इसके बाद टीम के फिजियो और डॉक्टर उनके पास पहुंचे।

**राजधानी**

# 'पायलट को सीएम नहीं बनाया तो कांग्रेस के विधायक एक फॉर्च्यूनर में आ जाएंगे'

## मंत्री राजेंद्र गुढ़ा का दावा, ''राजस्थान में कांग्रेस के 10 से कम विधायक जीतेंगे''

**जयपुर**, (का.प्र.)। लंबे समय से अपनी अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोले हुए सचिन पायलट समर्थक मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने एक बार फिर गहलोत सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा है कि यदि सचिन पायलट को अब भी मुख्यमंत्री बनाया जाता है, तो सरकार रिपीट होने के चांस हैं। वरना एक फॉर्च्यूनर में कांग्रेस के सारे विधायक आ जाएंगे और मिलकर चारों धाम करेंगे। गुढ़ा के बयान को समर्थन देते हुए इस बयान के बहाने कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा ने एक बार फिर ब्यूरोक्रेसी को निशाने पर लेते हुए कहा है कि ब्यूरोक्रेसी ने ऐसा करने का पढ़ ले रखा है।

> ■ **दिव्या मदेरणा ने लिखा, ''नौकरशाही की कार्यशैली से ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस सरकार को एक फॉर्च्यूनर में बैठाने का कोई अखंड संकल्प ले चुकी है''**

मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने अपने बयान के जरिए चुनावों में कांग्रेस से 10 से भी कम विधायक जीतकर आने का दावा किया है। गुढ़ा ने कहा है कि सचिन पायलट को सीएम नहीं बनाया तो चुनावों में कांग्रेस के एक कार में बैठने जितने ही विधायक जीतेंगे। गुढ़ा के बयान का कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा ने भी समर्थन किया। 25 सितंबर के बाद से ही राजेंद्र गुढ़ा और दिव्या मदेरणा कांग्रेस सरकार के खिलाफ तथा ब्यूरोक्रेसी को लेकर काफी मुखर है।

अपने ताजा बयान में राजेंद्र गुढ़ा ने कहा कि सचिन पायलट को बहुत पहले सीएम बना देना चाहिए था। पायलट को सीएम बनाने बहुत लेट हो गए। अब भी पायलट को सीएम बना दिया जाए सरकार रिपीट हो सकती है। अगर सचिन पायलट को सीएम नहीं बनाया तो कांग्रेस के विधायक एक फॉर्च्यूनर में आ जाएंगे। उसमें बैठकर सारे विधायक सबसे पहले चार धाम की यात्रा करेंगे।

गुढ़ा का बयान सामने आने के बाद कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा ने उनका समर्थन किया है। गुढ़ा की ओर से दिए गए बयान वाले वीडियो को शेयर करते हुए दिव्या मदेरणा ने ट्वीट कर ब्यूरोक्रेसी पर निशाना साधा और लिखा, ''नौकरशाही की कार्यशैली से ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस सरकार को एक फॉर्च्यूनर में बैठाने का कोई अखंड संकल्प ले चुकी है।''

उल्लेखनीय है कि 25 सितंबर को जयपुर में कांग्रेस विधायक दल की बैठक नहीं होने और समानांतर बैठक के बाद तीन नेताओं शांति धारीवाल, महेश जोशी और धर्मेंद्र राठौड़ को कारण बताओ नोटिस मिले थे। अब डेढ़ महीना गुजर जाने के बावजूद इन तीन नेताओं पर किसी तरह की कार्यवाही नहीं हुई है। ऐसे में संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से बयानबाजी नहीं करने की हिदायत की सीमा अब फिर से टूटने लगी है और सचिन पायलट खेमे के नेताओं के बयान एक बार फिर खुलकर आने लगे हैं।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने जनता के साथ नंगे पांव चलकर किया पैदल मार्च

**जयपुर**। विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी आमेर शहर की टूटी सड़कों, पेयजल आपूर्ति, मुख्यमंत्री बजट घोषणाओं से संबंधित, सफाई एवं रोड लाइट्स व फेज वायर संबंधित मांगों को लेकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं आमेर विधायक डॉ. सतीश पूनिया ने स्थानीय जनता व कार्यकर्ताओं के साथ नंगे पांव पैदल मार्च किया।

डॉ. पूनिया कुण्डा तिराहे से आमेर तहसील तक लगभग तीन किलोमीटर जनता के साथ पैदल चलकर आमेर तहसील पहुंचे, जहां उन्होंने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर टूटी सड़कों को बनाने और पेयजल आपूर्ति सहित विभिन्न मांगें पूरी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि, अगर यह मांगें पूरी नहीं होती है तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

पूनिया ने कहा कि आमेर शहर की प्रमुख सड़क जो तहसील कार्यालय से कुण्डा तक लगभग तीन किलोमीटर की है, वर्तमान में क्षतिग्रस्त एवं जर्जर है। यहीं पर हैरिटेज साइट भी है, जिसके कारण देशी-विदेशी पर्यटकों का इस सड़क पर निरंतर आवागमन बना रहता है और स्थानीय लोगों को भी बड़ी परेशानी होती है।




भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने बुधवार को आमेर की समस्याओं को लेकर पैदल मार्च किया।

पूनिया ने कहा कि निगम, पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को पत्र एवं दूरभाष द्वारा उक्त सड़क के निर्माण हेतु कई बार वार्ता कर अवगत करवाया है, परंतु सड़क जर्जर हालात में है, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट घोषणा 2021-22 के अन्तर्गत नगर निगम हेरिटेज क्षेत्र की सड़कें तहसील ऑफिस से कुण्डा मोड तक बनवाने की घोषणा की थी, लेकिन वह घोषणा करने के बाद भी इस सड़क को बनाने के प्रति उदासीन हैं और मुख्यमंत्री आमेर के विकास कार्यों को लेकर निरंतर भेदभाव कर रहे हैं।

> ■ **विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी आमेर शहर की टूटी सड़कों को बनवाने की मांग**

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के शासन को 4 साल होने जा रहे हैं, लेकिन सरकार ना तो पानी दे रही है, ना सड़कें बना रही है और पूरे प्रदेश की कानून व्यवस्था की स्थिति सबके सामने है, मैंने विधायक कोष से आमेर शहर में कैमरे लगवाने के लिए पैसे दिए, लेकिन वह कैमरे भी अभी तक नहीं लगाए हैं।

पैदल मार्च में जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, प्रधान बद्रीनारायण बागड़ा, हरदेव यादव, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष भगवान शर्मा, मण्डल अध्यक्ष दौलत सिंह शेखावत सहित स्थानीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित रहे।

# प्रभारी सचिवों को जिलों में भेजा

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान में ब्यूरोक्रेसी को लेकर मंत्री-विधायकों की ओर से हमलावर रुख लगातार जारी है। पिछले 6 महीने में अधिकारियों को लेकर कांग्रेस के कई विधायकों ने तीखी बयानबाजी की है कि अधिकारी सुनते नहीं हैं। वहीं वहीं मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास और राजेंद्र गुढ़ा ने आईएएस अधिकारियों की एसीआर भरने की मांग भी उठाई है। तमाम बयानबाजी के बीच अब राजस्थान सरकार के सचिवों को जिलों का प्रभारी लगाकर उन्हें 3 दिन तक जिलों में भेज दिया गया है। 3 दिन के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इन सचिवों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर जिलों का फीडबैक लेंगे। खास बात यह है कि सचिवों को विशेष रूप से कहा गया है कि जिलों में जाने की औपचारिकता नहीं निभाएं, बल्कि विधायक या अन्य जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करें और सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की क्या स्थिति है, उसके बारे में भी पूरी जानकारी करें।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हिमाचल प्रदेश के चुनावी दौरे पर जाने से पहले प्रदेश के सभी जिलों के प्रभारी सचिवो को जिलों में रवाना होने के आदेश दिए थे। ऐसे में सभी प्रभारी सचिव बुधवार शाम को जिलों के लिए रवाना हो गए।


# कार्यालय नगर पालिका मण्डल, राजगढ़ (चूरू)

E-Mail Address -eonp.sdlp@yahoo.in  Phone :- 01559 - 222039

क्रमांकः-न.पा.रा/2022-23/2929  दिनांकः-09.11.2022

## आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदन पत्रों के द्वारा पट्टा **नामान्तरण/तामिर** स्वीकृति/कृषि भूमि नियमन/खांचा भूमि नियमन/स्टेट ग्रान्ट एक्ट/69ए हेतु आवेदन किया है। जिस किसी व्यक्ति को इस संबंध में आपति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस में व लोक सूचना के लिए 07 दिवस में नगरपालिका कार्यालय में लिखित में पेश कर देवे। संपूर्ण जानकारी के लिए नगरपालिका राजगढ़ (चूरू) की भूमि-शाखा कमरा नं. 10 से पता करें। समयावधि निकलने के पश्चात आपति विचारानीय नही होगी। विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. सं. | पत्रावली | नाम आवेदक<br>69A की आपत्ति सूचना | क्षेत्रफल | किस्म |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 713/21.10.2022 | गुलाब हुसैन पुत्र रमजान, वार्ड नं. 28 नया 36 मोहल्ला धानकान, राजगढ़ (चूरू) | 431.03 वर्गमीटर | आवासीय |
| 2 | 714/21.10.2022 | सुरेश पुत्र श्री जगदीश, वार्ड नं. 25 मोहल्ला कुम्हारों का, राजगढ़ (चूरू) | 162.72 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 3 | 715/31.10.2022 | हनीफ पुत्र गनी खां, वार्ड नं. 22, मोहल्ला नरहड़ियान राजगढ़ (चूरू) | 133.77 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 4 | 716/31.10.2022 | सफी मोहम्मद पुत्र उम्मेद खां, वार्ड नं. 25 मोहल्ला धीरू खां की ढाणी राजगढ़ (चूरू) | 295.03 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 5 | 717/31.10.2022 | जमालूदीन पुत्र सारू खां, वार्ड नं. 17 मोहल्ला दमामीयान, राजगढ़ (चूरू) | 245.63 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 6 | 718/31.10.2022 | मंजू पत्नी श्री संजय कुमार मीणा, वार्ड नं. 05 लाल कुई हनुमान मंदिर के पास, राजगढ़ | 139.35 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 7 | 719/31.10.2022 | सावित्री पत्नी श्री गिरधारीलाल, वार्ड नं. 05 लाल कुई हनुमान मंदिर के पास राजगढ़ | 171.17 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 8 | 720/31.10.2022 | मोहम्मद शादिक पुत्र सफी मोहम्मद, वार्ड नं. 23 फतेहपुरियान कुआं के पास राजगढ़ | 407.40 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 9 | 721/31.10.2022 | खुशी मोहम्मद पुत्र नब्बू खां, वार्ड नं. 39, फतेहपुरियान कुआं के पास राजगढ़ (चूरू) | 64.65 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 10 | 722/31.10.2022 | मोहम्मद अब्बास कुरैशी पुत्र शोकत अली वार्ड नं. 31 राजगढ़ (चूरू) | 171.33 वर्गमीटर | आवासीय |
| 11 | 723/31.10.2022 | मोहम्मद साकिब पुत्र मोहम्मद सरिफ, वार्ड नं. 25, धीरू खां की ढाणी राजगढ़ (चूरू) | 133.21 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 12 | 724/07.11.2022 | सविता देवी पत्नी श्री मनीष कुमार मीणा राजगढ़ (चूरू) | 105.97 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 13 | 725/02.11.2022 | रमेश कुमार पुत्र दयासिंह, वार्ड नं. 04 पिलानी रोड के पास राजगढ़ (चूरू) | 33.44 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 14 | 726/02.11.2022 | हेमंत कुमार सैनी पुत्र सांवरमल सैनी, वार्ड नं. 25 सैन मंदिर के पास राजगढ़ (चूरू) | 84.02 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 15 | 727/02.11.2022 | लक्ष्मी देवी पुत्र सुबेसिंह, वार्ड नं. 28 नया 36 राजगढ़ (चूरू) | 76.54 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 16 | 728/02.11.2022 | जुबेदा पत्नी श्री रफीक, वार्ड नं. 21 नरड़ियान मोहल्ला, राजगढ़ (चूरू) | 134.97 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 17 | 729/02.11.2022 | उल्फत पत्नी श्री नवर खान, वार्ड नं. 21 नरड़ियान मोहल्ला राजगढ़ (चूरू) | 133.34 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 18 | 730/02.11.2022 | जरीना पत्नी श्री मंजूर, वार्ड नं. 21 मोहल्ला नरड़ियान राजगढ़ (चूरू) | 97.32 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 19 | 731/02.11.2022 | आबिद बेगम पत्नी श्री मुखतार, वार्ड नं. 21 मोहल्ला नरड़ियान राजगढ़ (चूरू) | 148.63 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 20 | 732/02.11.2022 | राजेन्द्र पुत्र शीशराम व रविन्द्र पुत्र रामकुमार, वार्ड नं. 10, पोस्ट ऑफिस के पीछे राजगढ़ | 593.46 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 21 | 733/02.11.2022 | शायरा बानो पत्नी श्री सलामुदीन, वार्ड नं. 22 मोहल्ला नरड़ियान राजगढ़ (चूरू) | 124.02 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 22 | 734/02.11.2022 | ओमप्रकाश सैनी पुत्र श्री सागरमल, वार्ड नं. 29 पुराने वाटर वर्क्स के पास, राजगढ़ (चूरू) | 113.58 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 23 | 735/02.11.2022 | श्री कृष्ण व सुरेश कुमार पुत्र श्री सांवरमल, वार्ड 29 पुराने वाटर वर्क्स के पास, राजगढ़ | 124.52 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 24 | 736/02.11.2022 | श्री फुलचन्द पुत्र श्री छतुराम, वार्ड नं. 29 मोहल्ला पुराने वाटर वर्क्स के पास, राजगढ़ | 101.06 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 25 | 737/02.11.2022 | नसीम खान पुत्र श्री मो. आमीन, वार्ड नं. 29 पुराने वाटर वर्क्स के पास राजगढ़ (चूरू) | 68.89 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 26 | 738/02.11.2022 | कुलसुम बानो पत्नी बाबु खां, वार्ड नं. 29, पुराने वाटर वर्क्स के पास राजगढ़ (चूरू) | 196.92 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 27 | 739/02.11.2022 | सलमा बानो पत्नी अलीशेर, वार्ड नं. 29 पुराने वाटर वर्क्स के पास, राजगढ़ (चूरू) | 73.12 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 28 | 740/02.11.2022 | हरिराम पुत्र गुगनराम, वार्ड नं. 29, पुराने वाटर वर्क्स के पास राजगढ़ (चूरू) | 225.13 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 29 | 741/02.11.2022 | मोहम्मद सलीम पुत्र सवाल मोहम्मद, वार्ड नं. 29 पुराने वाटर वर्क्स के पास, राजगढ़ (चूरू) | 100.32 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 30 | 742/02.11.2022 | रोहताश पुत्र श्री नथूराम, वार्ड नं. 29, पुराने वाटर वर्क्स के पास राजगढ़ (चूरू) | 97.90 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 31 | 743/02.11.2022 | रजिया बानो पत्नी श्री नबाब खान, वार्ड नं. 29 मोहल्ला वाटर वर्क्स के पास, राजगढ़ | 92.02 वर्ग मीटर | आवासीय |
| 32 | 744/02.11.2022 | मुस्ताक अली पुत्र श्री आमीन, वार्ड नं. 29 पुराने वाटर वर्क्स के पास राजगढ़ चूरू | 77.30 वर्ग मीटर | आवासीय |

| क्र. सं. | पत्रावली | नाम आवेदक<br>फ्रि-होल्ड पट्टा आपत्ति सूचना | क्षेत्रफल | किस्म |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 01/30.09.2022 | राजकरण पुत्र रामानन्द, वार्ड नं. 40 राजगढ़ (चूरू) | 260 वर्ग गज | आवासीय |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका, राजगढ़ (चूरू)**